भलो लोक परलोक तासु
जाके बल ललित ललाम को ।
तुलसी जग जानियत नाम ते
सोच न कूच मुकाम को ॥

२२. तोटक छंद

जय राम रमा-रमनं समनं—
भव-ताप-भयाकुल पाहि जनं ।
अवधेस सुरेस, रमेस, बिभो ॥
सरनागत माँगत पाहि प्रभो ॥
दस-सीस-बिनासन बीस भुजा—
कृत दूरी महा-महि भूरि-रुजा ।
रजनी-चर-वृंदपतंग रहे
सर-पावक-तेज प्रचंड दहे ॥
महि-मंडल-मंडन चारुतरं ।
धृत-सायक-चाप-निषंग-वरं ॥
मद-मोह-महा-ममता-रजनी
तमपुंज दिवाकर-तेज-अनी ॥
मनजात किरात निपात किये
मृग लोभ कुभोग सरे न हिये ॥

इति नाथ अनाथन्हि पाहि हरे ।
विषयावन पाँवर भूलि परे ॥
बहु रोग वियोगन्हि लोग हये ।
भवदंघ्रिनिरादर के फल ये ॥
भवसिन्धु अगाध परे नर ते ।
पद-पंकज-प्रेम न जे करते ॥
अति दीन मलीन दुखी नित ही ।
जिन्हके पदपंकज प्रीति नहीं ॥
अवलंब भवंत कथा जिन्हके
प्रिय संत अनंत सदा तिन्हके ॥
नहिं राग न लोभ न मान मदा ।
तिन्हके सम वैभव वा विपदा ॥
एहि ते तव सेवक होत मुदा ।
मुनि त्यागत जोग भरोस सदा ॥
करि प्रेम निरंतर नेम लिये ।
पदपंकज सेवित सुद्ध हिये ॥

राम मानि निरादर आदरही ।
सब संत सुखी विचरंति मही ॥

मुनि-मानस-पंकज-भृंग भजे ।
रघुवीर महारनधीर अजे ॥

तव नाम जपामि नमामि हरी ।
भवरोगमहागदमानअरी ॥

गुनसील कृपापरमायतनं ।
प्रनमामि निरंतर श्रीरमनं ॥

रघुनंद निकंदय द्वंद्वघनं ।
महिपाल विलोकय दीनजनं ॥

दोहा—वार वार वर माँगऊँ हरषि देहु श्रीरंग ।
पदसरोज अनपायनी भगति सदा सतसंग ॥

२३. तुलसी बोध-मौक्तिक

परहित सरिस धरम नहिं भाई ।
पर पीड़ा सम नहिं अधमाई ॥

*   *

सुमति कुमति सबके उर बसहीं ।
नाथ पुरान निगम अस कहहीं ॥
जहां सुमति तहँ संपति नाना ।
जहां कुमति तहँ बिपति निदाना ॥

*   *

धन्य सो भूप नीति जो करई ।
धन्य सो द्विज निज धर्म न टरई
धन्य घरी सोइ जब सतसंगा ।
धन्य जन्म हरिभक्ति अभंगा ॥

*   *

साधु चरित सुभ सरिस कपासू ।
निरस बिसद गुनमय फल जासू ॥
जो सहि दुःख परछिद्र दुरावा ।
वंदनीय जेहि जग जस पावा ॥

* *

जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू ।
सो तेहि मिलत न कछु संदेहू ॥

* *

परहित बस जिनके मन मांहीं ।
तिन्ह कहँ जग दुर्लभ कछु नाहीं ॥

* *

रघुकुल-रीति सदा चलि आई ।
प्राण जाय वरु वचन न जाई ॥
नहि असत्य सम पातकपुंजा ।
गिरि सम होइ कि कोटिक गुंजा ॥ ३ ॥

* *

सत्य मूल सब सुकृत सुहाये ।
बेदपुरान बिदित मुनि गाये ॥

* *

मोसम दीन न दीनहित
तुम समान रघुबीर ।
अस बिचारि रघु-बंस-मनि
हरहु बिषम भवपीर ॥

* *

कामिहि नारि पिआरि जिमि
लोभी के जिमि दाम ।
तिमि रघुनाथ निरंतर,
प्रिय लागहु मोहि राम ।

* *

२४. राग कल्याण–तीन ताल

चरन-कमल वन्दौं हरि राई ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै अंधे को सब कछु दरसाई ॥
बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै रंक चलै सिर छत्र धराई ॥
सूरदास स्वामी करुनामय बारबार वन्दौं तेहि पाई ॥

२५. राग जयतिश्री–तीन ताल

जैसे राखहु तैसेहि रहौं ।
जानत दुख सुख सब जनके तुम मुखतें कहा कहौं ॥
कबहुंक भोजन लहौं कृपानिधि, कबहूं भूख सहौं
कबहुंक चढौं तुरंग महागज, कबहुंक भार बहौं ॥
कमलनयन घनश्याम मनोहर, अनुचर भयो रहौं ।
सूरदास प्रभु भक्त कृपानिधि, तुम्हरे चरन गहौं ॥

२६. राग आसा–ताल दादरा

दीनन-दुख-हरन देव सन्तनहितकारी ॥ ध्रु० ॥
अजामील गीध व्याध, इनमें कहो कौन साध ।
पंछी को पद पढात, गणिका सी तारी ॥ १ ॥
ध्रुव के सिर छत्र देत, प्रह्लाद को उबार लेत ।
भक्त हेत बांध्यो सेत, लंक-पुरी जारी ॥ २ ॥
तंदुल देत रीझ जात, साग-पात सों अघात ।
गिनत नहीं जूठे फल, खाटे मीठे खारी ॥ ३ ॥
गज को जब ग्राह ग्रस्यो, दुःशासन चीर खस्यो ।
सभा बीच कृष्ण कृष्ण, द्रौपदी पुकारी ॥ ४ ॥
इतने हरि आय गये, बसनन आरूढ भये ।
सूरदास द्वारे ठाढो आंधरो भिखारी ॥ ५ ॥

२७. राग भैरवी, पंजाबी ठेका—तीन ताल

सुनेरी मैंने निर्बल के बल राम ।
पिछली साख भरूं संतन की आड़े सँवारे काम ।
जबलग गज बल अपनो बरत्यो नेक सरो नहिं काम ।
निर्बल ह्वै बल राम पुकार्‍यो आये आधे नाम ॥
द्रुपदसुता निर्बल भइ तादिन गहलाये निज धाम ।
दुःशासन की भुजा थकित भई बसन रूप भये श्याम
अपबल तपबल और बाहुबल चौथा है बल दाम ।
सूर किशोर कृपा से सब बल हारे को हरिनाम ।

२८. राग खमाज–तीन ताल

हम भक्तन के, भक्त हमारे ।
सुन अर्जुन, परतिज्ञा मेरी, यह व्रत टरत न टारे ॥
भक्तै काज लाज हिय धरिकै, पाइं पयादे धाऊँ ।
जहँ जहँ भीर परै भक्तन पै, तहँ तहँ जाइ छुडाऊँ ॥
जो मम भक्तसों वैर करत है, सो निज वैरी मेरो ।
देखि विचारि भक्त हितकारन हांकत हौं रथ तेरो ॥
जीते जीत भक्त अपने की, हारे हार विचारौं ।
सूरदास सुनि भक्त विरोधी चक्र सुदर्शन जारौं ॥

२९. राग काफी—दीपचंदी ताल

अबकी टेक हमारी । लाज राखो गिरिधारी ॥ ध्रु० ॥
जैसी लाज राखी अर्जुन की भारत युद्ध मंझारी ।
सारथि हो के रथ को हांको चक्रसुदर्शनधारी ॥
भक्तन की टेक न टारी ॥ १ ॥
जैसी लाज राखी द्रौपदी की होन न दीनि उघारी ।
खैंचत खैंचत दो भुज थाके दुःशासन पचहारी ॥
चीर बढायो मुरारी ॥ २ ॥
सूरदास की लाज राखो, अब को है रखवारी ?
राधे राधे श्रीवर प्यारो श्रीवृषभानदुलारी ।
शरण तक आयो तुम्हारी ॥ ३ ॥

३०. राग केदार-तीन ताल

मो सम कौन कुटिल खल कामी ।
जिन तनु दियो ताहि बिसरायो ऐसो निमकहरामी ॥ ध्रु० ॥
भरि भरि उदर विषय को धावों,
जैसे सूकर ग्रामी ।
हरिजन छाँड हरीबिमुखन की
निसिदिन करत गुलामी ॥ १ ॥
पापी कौन बडो है मोतें,
सब पतितन में नामी ।
सूर पतित को ठौर कहां है,
सुनिये श्रीपति स्वामी ॥ २ ॥

३१. राग सिंध-काफी

प्रभु मोरे अवगुण चित्त न धरो ।
समदरशी है नाम तिहारो, चाहे तो पार करो ।
इक नदिया इक नार कहावत मैलो हि नीर भरो ।
जब मिल करके एक बरन भये सुरसरि नाम पर्यो ॥
इक लोहा पूजा में राखत, इक घर बधिक पर्यो ।
पारस गुण अवगुण नहिं चितवत, कंचन करत खरो ॥
यह माया भ्रमजाल कहावत सूरदास सगरो ।
अबकी बेर मोहिं पार उतारो नहिं प्रन जात टरो ॥

३२. राग गौरी–तीन ताल

अखियां हरि दरसन की प्यासी।
देख्यो चाहत कमलनैन को, निसिदिन रहत उदासी॥ १॥
आये ऊधो फिरि गये आँगन डारि गये गर फाँसी॥ २॥
केसरि-तिलक मोतिन की माला वृन्दावन को वासी॥ ३॥
काहू के मन की कोऊ न जानत लोगन के मन हाँसी॥ ४॥
सूरदास प्रभु! तुमरे दरस बिन लेहौं करवत कासी॥ ५॥

२३. राग भीमपलासी–तीन ताल

सबसे ऊंची प्रेम सगाई ।
दुर्योधन को मेवा त्यागो साग विदुर घर पाई ॥ ध्रु० ॥
जूठे फल सबरी के खाये बहुविधि प्रेम लगाई ॥
प्रेम के बस नृप-सेवा कीन्ही आप बने हरि नाई ॥ १ ॥
राजसुयज्ञ युधिष्ठिर कीनो तामें जूठ उठाई ॥
प्रेम के बस अर्जुन-रथ हांक्यो भूल गये ठकुराई ॥ २ ॥
ऐसी प्रीति बढ़ी वृन्दावन गोपिन नाच नचाई ॥
सूर क्रूर इस लायक नाहीं कहँ लगि करौं बड़ाई ॥ ३ ॥

३४. राग जोगी-तीन ताल

अब मैं नाच्यो बहुत गोपाल ।
काम क्रोध को पहिरि चोलना कंठ विषय की माल ॥
महा मोह के नूपुर बाजत निन्दा सब्द रसाल ।
भरम भर्‍यो मन भयो पखावज चलत कुसंगति चाल ॥
तृस्ना नाद करत घट भीतर नाना विधि दै ताल ।
माया की कटि फेंटा बांध्यो लोभ तिलक दै भाल ॥
कोटिक कला काछि दिखराई जलथल सुधि नहिं काल ।
सूरदास की सबै अविद्या दूर करो नँदलाल ॥

३५. राग खमाज विलंबित-तीन ताल
(पंजाबी ठेका)

अब तो प्रगट भई जग जानी।
वा मोहन सों प्रीति निरन्तर
नाहिं रहेगी छानी ॥ ध्रु० ॥
कहा करों सुन्दर मूरत इन
नयनन माँझ समानी।
निकसत नाहिं बहुत पचिहारी
रोम रोम उरझानी ॥ १ ॥
अब कैसे निर्वार जात है,
मिले दूध ज्यों पानी
सूरदास प्रभु अन्तर्यामी
ग्वालिन मन की जानी ॥ २ ॥

३६. राग भैरवी–तीन ताल

लज्जा मोरी राखो श्याम हरी ।
कीनी कठिन दुःशासन मोसे गहि केशों पकरी ॥ ध्रु० ॥
आगे सभा दुष्ट दुर्योधन चाहत नग्न करी ।
पांचों पांडव सब बल हारे तिनसों कछु न सरी ॥ १ ॥
भीष्म द्रोण विदुर भये विस्मय तिन सब मौन धरी ।
अब नहि मात पिता सुत बांधव, एक टेक तुम्हरी ॥ २ ॥
बसन प्रवाह किये करुणानिधि सेना हार परी ।
सूर श्याम जब सिंह-शरण लइ स्यालों को काहि डरी ? ॥ ३ ॥

३७. राग कानडा—मत ताल

दे पूतना विष रे अमृत पायो,
जो कछु दैयत सों फल पैयत नाहक वेदन गायो ॥ ध्रु० ॥
शतयज्ञ राजा बलि कीनों बांध पताल पठायों
लक्ष गऊ राजा नृग दीनी गिरगट रूप करायो ॥ १ ॥
रंक जन्म के मित्र सुदामा कंचन धाम बनायो
सूरदास तेरी अद्भुत लीला वेद नेति कहि गायो ॥ २ ॥

३८. राग वागेश्री-ताल तेवरा

अबके नाथ मोहिं उधारि।
मग नहीं भव अम्बुनिधि में कृपासिंधु मुरारि॥
नीर अति गंभीर माया लोभ लहर तिरंग।
लिये जात अगाध जल में गहे ग्राह अनंग॥
मीन इन्द्रिय अतिहिं काटति मोट अघ सिर भार।
पग न इत उत धरन पावत उरझि मोह सिवार॥
काम क्रोध समेत तृस्ना पवन अति झकझोर।
नाहिं चितवन देत तिय सुत नाम नौका ओर॥
थक्यो बीच बिहाल विह्वल सुनो करुनामूल।
श्याम भुज गहि काढि लीजै सूर ब्रज के कूल॥

३९. राग काफी–तीन ताल

रे मन ! मूरख जनम गँवायो ।
करि अभिमान विषय रस राच्यो स्याम-सरन नहिं आयो ॥
यह संसार फूल सेमर को सुन्दर देखि भुलायो ।
चाखन लाग्यो रुई गई उडि, हाथ कछु नहिं आयो ॥
कहा भयो अब के मन सोचे, पहिले नाहिं कमायो ॥
कहत सूर भगवंत भजन बिनु सिर धुनि-धुनि पछितायो ॥

४०. राग आसा-मांड, तीन ताल या दीपचंदी

तुम मेरी राखो लाज हरी ।
तुम जानत सब अन्तरजामी ।
करनी कछु न करी ॥ १ ॥
औगुन मोसे बिसरत नाहिं,
पल छिन घरी घरी ।
सब प्रपंच की पोट बांध करि
अपने सीस धरी ॥ २ ॥
दारा सुत धन मोह लिये हौं
सुधि बुधि सब बिसरी ।
सूर पतित को बेग उधारो,
अब मेरी नाव भरी ॥ ३ ॥

४१. राग भूपाली–तीन ताल

नाथ मोहिं अब की बेर उबारो ॥ टेक ॥

तुम नाथन के नाथ सुवामी,

दाता नाम तिहारो ॥

करमहीन, जनम को अंधो,

मोतें कौन नकारो ? ॥ १ ॥

तीन लोक के तुम प्रति-पालक,
मैं तो दास तिहारो।
तारी जाति कुजाति प्रभूजी,
मो पर किरपा धारो ॥ २ ॥

पतितन में इक नायक कहिये,
नीचन में सरदारो।
कोटि पापी इक पासँग मेरे,
अजामिल कौन बिचारो ॥ ३ ॥

धरम नाम सुनि मेरो,
नरक कियो हठ तारो।
मोको ठौर नहीं अब कोऊ,
अपनो बिरद सम्हारो ॥ ४ ॥

छुद्र पतित तुम तारे रमापति,
अब न करो जिय गारो
सूरदास साचो तब माने,
जो है मम निस्तारो ॥ ५ ॥

४२. राग दरबारी कानडा-तीन ताल

घूंघट का पट खोल रे तोको पीव मिलेंगे ।
घट घट में वह साईं रमता कटुक वचन मत बोल रे ॥
धन जोबन को गरब न कीजै झूठा पचरंग चोल रे ।
सुन्न महल में दियना बारिले आसन सों मत डोल रे ॥
जाग जुगुत सों रंग महल में पिय पायो अनमोल रे ।
कहैं कबीर आनंद भयो है, बाजत अनहद ढोल रे ॥

४३. राग धनाश्री, भजन केरवा की धूनमें

साधो सहज समाध भली
गुरु प्रताप जा दिन से जागी,
दिन दिन अधिक चली ॥ १ ॥
जहँ जहँ डोलौं सो परिकरमा,
जो कछु करौं सो सेवा ।
जब सोवौं तब करो दंडवत,
पूजौं और न देवा ॥ २ ॥

कहौं सो नाम सुनौं सो सुमिरन
खावँ पियौं सो पूजा ।
गिरह उजाड एक सम लेखौं
भाव मिटावौं दूजा ॥ ३ ॥

आंख न मूँदौं कान न रुधौं
तनिक कष्ट नहीं धारौं ।
खुले नैन पहिचानौं हँसि हँसि,
सुंदर रूप निहारौं ॥ ४ ॥

सवद निरन्तर से मन लागा,
मलिन वासना त्यागी ।
ऊठत वैठत कवहुँ न छूटै ।
ऐसी तारी लागी ॥ ५ ॥

कह कवीर यह उन मुनि रहनी,
सो परगट करि गाई ।
दुख सुख से कोई परे परमपद,
तेहि पद रहा समाई ॥ ६ ॥

४४. राग कालिंगडा-तीन ताल

मन मस्त हुआ तब क्यों बोले ॥ टेक ॥
हीरा पायो गांठ गठियायो ।
बार बार वाको क्यों खोलै ॥ १ ॥
हलकी थी जब चढी तराजू ।
पूरी भई तब क्यों तोलै ॥ २ ॥
सुरत कलारी भइ मतवारी
मदवा पी गइ बिन तोले ॥ ३ ॥
हंसा पाये मान सरोवर ।
ताल तलैया क्यों डोलै ॥ ४ ॥
तेरा साहिब है घट मांहीं ।
बाहर नैना क्यों खोलै ॥ ५ ॥
कहे कबीर सुनो भाई साधो ।
साहिब मिल गये तिल ओले ॥ ६ ॥

४५. राग बिंद्रावनी सारंग-तीन ताल (जलद) अथवा धुमाळी

रहना नहिं देस बिराना है ।
यह संसार कागद की पुडिया बूँद पडे घुल जाना है ।
यह संसार कांटे की वाडी उलझ उलझ मरि जाना है ॥
यह संसार झाड और झांखर आग लगे बरि जाना है ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो सतगुरु नाम ठिकाना है ॥

४६. राग कालिंगडा-तीन ताल

मन लागो मेरो यार फकीरी में

जो सुख पावो नाम भजन में ।

सो सुख नाहिं अमीरी में ॥ १ ॥

भला बुरा सब को सुनि लीजै ।

कर गुज़रान ग़रीबी में ॥ २ ॥

प्रेम नगर में रहनि हमारी ।

भलि बनि आई सबूरी में ॥ ३ ॥

हाथ में कूंडी बगल में सोटा ।

चारो दिसि जागीरी में ॥ ४ ॥

आख़िर यह तन ख़ाक मिलैगा

कहा फिरत मग़रूरी में ॥ ५ ॥

कहै कबीर सुनो भाई साधो ।

साहिब मिलै सबूरी में ॥ ६ ॥

४७. राग गजल-पहाडी धुन

समझ देख मन मीत पियारे आसिक होकर सोना क्या रे ।
रूखा सूखा गम का टुकडा-फीका और सलोना क्या रे ॥
पाया हो तो दे ले प्यारे पाय पाय फिर खोना क्या रे ।
जिन आंखिन में नींद घनेरी तकिया और बिछौना क्या रे ॥
कहे कबीर सुनो भाई साधो सीस दिया तब रोना क्या रे ॥

४८. राग केदार–तीन ताल

तू तो राम सुमर जग लडवा दे ॥ ध्रु० ॥
कोरा कागज काली स्याही, लिखत पढत वाको पढवा दे ॥२॥
हाथी चलत है अपनी गत मो, कुतर भुकत वाको भुकवा दे॥३॥
कहत कबीर सुनो भई साधू नरक पचत वाको पचवा दे ॥४॥

४२. राग भैरवी–ताल रुपक

मत कर मोह तू, हरि भजन को मान रे।
नयन दिये दरसन करने को, श्रवण दिये सुन ज्ञान रे।
वदन दिया हरिगुण गाने को, हाथ दिये कर दान रे।
कहत कबीर सुनो भई साधू, कंचन निपजत खान रे॥

५०. राग हमीर–तीन ताल

गुरु विन कौन वतावे बाट ! बडा विकट यमघाट ॥ ध्रु० ॥
भ्रांति की पहाडी नदिया विचमों अहंकार की लाट ॥ १ ॥
काम क्रोध दो पर्वत ठाढे लोभ चोर संघात ॥ २ ॥
मदमत्सर का मेह बरसत माया पवन वहे दाट ॥ ३ ॥
कहत कबीर सुनो भई साधो क्यों तरना यह घाट ॥ ४ ॥

५१. राग बिहाग-तीन ताल

नही छोडुं रे बाबा रामनाम,
मेरो और पठन सों नहीं काम ॥ ध्रु० ॥
प्रल्हाद पठाये पठन शाल,
संग सखा बहु लिये बाल ।
मोको कहा पढावत आलजाल,
मेरी पटिया पे लिख देउ श्रीगोपाल ॥ १ ॥

यह षंडमारके कह्यो जाय,
प्रह्लाद बुलाये वेग धाय ।
तू राम कहन की छोड बान,
तुझे तुरत छुडाऊं कहो मान ॥ २ ॥
मोको कहा सतावो वारवार,
प्रभु जल थल नभ कीन्हे पहार ।
एक राम न छोडूं गुरुहि गार,
मोको घाल जार चाहे मार डार ॥ ३ ॥
काढ खड्ग कोप्यो रिसाय,
कहँ राखनहारो, मोहि बताय ।
प्रभु खंभ से निकसे है विस्तार,
हरिणाकुश छेद्यो नख विदार ॥ ४ ॥
श्रीपरमपुरुष देवाधिदेव,
भक्त हेत नरसिंह भेख ।
कहे कबीर कोऊ लख न पार,
प्रह्लाद उंवारे अनेक बार ॥ ५ ॥

५२. राग भैरवी–तीन ताल

झिनी झिनी बिनी चदरिया ॥
काहे कै ताना, काहे कै भरनी
कौन तारसे बिनी चदरिया ॥
इंगला पिंगला ताना भरनी
सुखमन तार से बिनी चदरिया ॥
आठ कँवल दल चरखा डोलै
पांच तत्त गुन तिनी चदरिया ॥
साँइको सियत मास दस लगै
ठोक ठोक के बिनी चदरिया ॥
सो चादर सुर नर मुनि ओढी
ओढी के मैली किनी चदरिया ॥
दास कबीर जतन से ओढी
ज्यों की त्यों धरि दीनी चदरिया ॥

५२. राग पीलू–दीपचंदी

इस तन धन की कौन बडाई ।
देखत नैनों में मिट्टी मिलाई ॥ ध्रु० ॥
अपने खातर महल बनाया ।
आपहि जा कर जंगल सोया ॥ १ ॥
हाड जले जैसे लकडी की मोली
बाल जले जैसे घास की पोली ॥ २ ॥
कहत कबीरा सुन मेरे गुनिया ।
आप मुवे पिछे डुब गई दुनिया ॥ ३ ॥

५४. राग खमाज–धुमाली

भजो रें भैया राम गोविंद हरी ॥ ध्रुव० ॥

जप तप साधन कछु नहिं लागत
खरचत नहिं गठरी ॥ १ ॥

संतत संपत सुख के कारण
जासे भूल परी ॥ २ ॥

कहत कबीरा जो मुख राम नहिं।
वो मुख धूल भरी ॥ ३ ॥

५५. राग आशावरी—दीपचंदी

मन ! तोहे केहि बिध कर समझाऊं ।
सोना होद तो सुहाग मंगाऊं बंकनाल रस लाऊं ।
ग्यान शब्द की फूंक चलाऊं, पानी कर पिघलाऊं ॥ १ ॥
घोडा होय तो लगाम लगाऊं ऊपर जीन कसाऊं ।
होय सवार तेरे पर बैठूं चाबुक देके चलाऊं ॥ २ ॥
हाथी होय तो जंजीर गढाऊं, चारों पैर बंधाऊं ।
होय महावत तेरे पर बैठूं अंकुश लेके चलाऊं ॥ ३ ॥
लोहा होय तो ऐरण मंगाऊं ऊपर धुवन धुवाऊं ।
धूवन की घनघोर मचाऊं जंतर तार खिंचाऊं ॥ ४ ॥
ग्यानी होय तो ग्यान सिखाऊं सत्य की राह चलाऊं ।
कहत कबीर सुनो भई साधू अमरापुर पहुचाऊं ॥ ५ ॥

५६. राग तिलवा कामोद–तीन ताल

पायो सत नाम गरे के हरवा ।
सांकर खटोलना रहनि हमारी,
दुबरे दुबरे पांच कहरवा ॥
ताला कूंची हमें गुरु दीनी
जब चाहौं तब खोलौं किवरवा ।
प्रेम प्रीती की चुनरि हमारी
जब चाहौं तब नाचौं सहरवा ॥
कहै कबीर सुनो भाई साधो !
बहुर न ऐबै एही नगरवा ॥

५७. राग मालकंस–झपताल

शूर संग्राम को देख भागै नहीं,
देख भागै सोई शूर नाहीं ।
काम औ क्रोध मद लोभ से जूझना
मँडा घमसाम तहँ खेत माहीं ।
शील औ सौच संतोष साही भये,
नाम समसेर तहँ खूब बाजै ।
कहै कबीर कोइ जूझि है शूरमा
कायरां भीड़ तहँ तुरत भाजै ॥

५८. राग आसा-दीपचंदी

ठाकुर तुम शरणाई आया ।
उतरि गयो मेरे मन का संशा
जब ते दरशन पाया ॥ ध्रुव० ॥
अनबोलत मेरी बिरथा जानी
अपना नाम जपाया ।
दुख नाठे सुख सहजि समाये
अनंद अनंद गुण गाया ॥ १ ॥
बाँह पकरि कढि लीने अपुने
गृह अंध कूपते माया ।
कहु नानक गुरु बंधन काटे
बिछुरत आनि मिलाया ॥ २ ॥

५९. राग मल्हार—तीन ताल

साधो मन का मान त्यागो ।
काम क्रोध संगत दुर्जन की, ताते अहनिस भागो ॥ ध्रु० ॥
सुख दुख दोनों सम करि जानै, और मान अपमाना ।
हर्ष शोक ते रहै अतीता, तिन जग तत्त्व पिछाना ॥ १ ॥
अस्तुति निंदा दोऊ त्यागे, खोजै पद निरवाना ।
जन नानक यह खेल कठिन है, कोऊ गुरुमुख जाना ॥२॥

६०. राग शंकरा-ताल तेवरा

विसर गई सब तात पराई।
जब ते साध-संगत मोहिं पाई ॥ ध्रु० ॥
ना को वैरी नाहिं बिगाना,
सकल संगि हम कौ बनि आई ॥ १ ॥
जो प्रभु कीनो सो भल मान्यो,
एक सुमती साधू ते पाई ॥ २ ॥
सब महि रम रहिया प्रभु एक,
पेखि पेखि नानक बिगसाई ॥ ३ ॥

६१. राग दुर्गा–ताल तेवरा

रे मन ! राम सों कर प्रीत ॥ ध्रु० ॥
श्रवण गोविंदगुण सुनो अरु गाउ रसना गीत ॥ १ ॥
कर साधुसंगत सुमिर माधो होय पतित पुनीत ॥ २ ॥
काल व्याल ज्यों पर्यो डोलै मुख पसारे मीत ॥ ३ ॥
आजकल पुनि तोहि ग्रसि है समझ राखो चीत ॥ ४ ॥
कहे नानक राम भज ले जात अवसर बीत ॥ ५ ॥

६२. राग शंकरा–तीन ताल

काहे रे बन खोजन जाई ।
सर्व-निवासी सदा अलेपा, तोही संग समाई ॥
पुष्प मध्य ज्यों बास बसत है, मुकुर माहिं जस छाई ।
तैसे ही हरि बसें निरंतर, घट ही खोजो भाई ॥
बाहर भीतर एकै जानो, यह गुरु ज्ञान बताई ।
जन नानक बिन आपा चीन्हे, मिटै न भ्रम की काई ॥

६३. राग कौशिया-विलंवित तीन ताल

सुमरन कर ले मेरे मनां ।

तेरि विति जाति उमर हरिनाम विना ॥ ध्रु० ॥

कूप नीर विनु, धेनु छीर विनु, मंदिर दीप विना,

जैसे तरुवर फल विन हीना, तैसे प्राणी हरिनाम विना ॥

देह नैन विन, रैन चंद्र विन, धरती मेह विना,

जैसे पंडित वेद विहीना, तैसे प्राणी हरिनाम विना ॥

काम क्रोध मद लोभ निहारो छाँड दे अव संतजना ।

कहे नानकशा, सुन भगवंता या जगमें नहिं कोइ अपना ।

६४. राग विहाग-तीन ताल

नाम जपन क्यों छोड दिया ?
क्रोध न छोडा, झूठ न छोडा,
सत्यवचन क्यों छोड दिया ? ॥ ध्रु० ॥
झूठे जग में दिल ललचा कर
असल वतन क्यों छोड दिया ?
कौडी को तो खूब सम्हाला
लाल रतन क्यों छोड दिया ? ॥ १ ॥
जिहि सुमिरन ते अति सुख पावे
सो सुमिरन क्यों छोड दिया ?
खालस इक भगवान भरोसे
तन, मन, धन क्यों न छोड दिया ? ॥ २ ॥

६५. राग मुलतानी–तीन ताल

मन की मन ही माँहिं रही ।
ना हरि भजे न तीरथ सेवे
चोटी काल गही ॥
दारा, मीत, पूत, रथ, संपति
धन जन पूर्न मही ।
और सकल मिथ्या यह जानो
भजना राम सही ॥
फिरत फिरत बहुते जुग हार्‍यो
मानस देह लही ॥
नानक कहत मिलत की बिरियाँ
सुमिरत कहा नहीं ?

६६. राग तिलक कामोद—तीन ताल

पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो ॥ टेक ॥
वस्तु अमोलिक दी मेरे सतगुरु,
किरपा कर अपनायो ॥ १ ॥
जनम जनम की पूंजी पाई,
जग में सभी खोवायो ॥ २ ॥
खरचै न खूटै, वाको चोर न लूटै,
दिन दिन बढत सवायो ॥ ३ ॥
सत की नाव, खेवटिया सतगुरु,
भवसागर तर आयो ॥ ४ ॥
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर
हरख हरख जस गायो ॥ ५ ॥

६७. राग देस या पूर्वी–तीन ताल

नहिं ऐसो जन्म बारंबार।
क्या जानूं कछु पुन्य प्रकटे मानुसा अवतार॥
बढत पल पल, घटत छिन छिन, चलत न लागे बार।
बिरछ के ज्यों पात टूटे, लागें नहिं पुनि डार॥
भवसागर अति जोर कहिये विषम ओखी धार।
सुरत का नर बांधे बेड़ा बेगि उतरे पार॥
साधु संता ते महंता चलत करत पुकार।
दास मीरां लाल गिरधर जीवना दिन चार॥

६८. राग तोडी–ताल तेवरा

मन रे! परस हरि के चरन ।
सुभग सीतल कमल-कोमल, त्रिविध-ज्वाला-हरन ॥
जे चरन प्रह्लाद परसे, इन्द्र पदवी धरन ॥
जिन चरन ध्रुव अटल कीन्हो, राखि अपने सरन ॥
जिन चरन ब्रह्मांड भेटयो, नखसिखौ श्रीभरन ॥
जिन चरन प्रभु परसि लीन्हें, तरी गौतम घरन ॥
जिन चरन कालीहि नाथ्यो, गोपलीला करन ॥
जिन चरन धार्‌यो गोवर्द्धन, गरब मघवा हरन ॥
दास मीरां लाल गिरिधर, अगम तारन तरन ॥

६९. राग खमाज, दादरा ताल

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरा न कोई ।
दूसरा न कोई, साधो, सकल लोक जोई ॥
भाई छोड्या बंधु छोड्या, छोड्या सगा सोई ।
साधु संग बैठ बैठ लोक-लाज खोई ॥
भगत देख राजी हुई, जगत देख रोई ।
अँसुवन जल सींच सींच प्रेम-बेलि बोई ॥
दधि मथ घृत काढि लियो, डार दई छोई ।
राणा विष को प्याला भेज्यो, पीय मगन होई ॥
अब तौ बात फैल पडी, जाणे सब कोई ।
मीरां एम लगण लागी—होनी होय सो होई ॥

७०. राग माँड, दादरा ताल

माई मैंने गोविंद लीनो मोल। गोविंद लीनो मोल ॥ ध्रु० ॥
कोई कहे सस्ता, कोई कहे महँगा, लीनो तराजू तोल ॥ १ ॥
कोई कहे घर में, कोई कहे वन में, राधा के संग खिलोल ॥ २ ॥
मीरां के प्रभु गिरधर नागर, आवत प्रेम के ढोल ॥ ३ ॥

७१. राग झिंजौटी खमाज–धुमाली ताल

मेरे राणाजी, मैं गोविंद-गुण गाना ॥ ध्रु० ॥
राजा रूठे नगरी रक्खे अपनी, मैं हर रूठ्या कहां जाना ? ॥ १ ॥
राणे भेजा जहर पियाला, मैं अमृत कह पी जाना ॥ २ ॥
डबिया में काला नाग भेजा, मैं शालग्राम कर जाना ॥ ३ ॥
मीरांबाई प्रेम-दिवानी, मैं साँवलिया वर पाना ॥ ४ ॥

७२. राग मालकोस–तीन ताल

मोरी लागी लटक गुरु-चरनन की ॥ ध्रु० ॥
चरन बिना मुझे कछु नहिं भावे,
झूठ माया सब सपनन की ॥ १ ॥
भवसागर सब सूख गया है,
फिकर नहिं मुझे तरनन की ॥ २ ॥
मीरां कहे प्रभु गिरिधर नागर !
उलट भई मोरे नयनन की ॥ ३ ॥

७३. राग अडाणा, ताल केंवरा

हरि ! तुम हरो जन की भीर ॥ टेक ॥

द्रौपदी की लाज राखी,
तुम बढायो चीर ॥ १ ॥

भक्त कारन रूप नरहरि,
धर्यो आप शरीर ॥ २ ॥

हरिनकस्यप मार लीन्हो,
धर्यो नाँहिन धीर ॥ ३ ॥

बूडते गजराज राख्यो,
कियो बाहर नीर ॥ ४ ॥

दास मीरां लाल गिरधर,
दुख जहाँ तहँ पीर ॥ ५ ॥

७४. राग मांड, ताल धुमाली अथवा केवरा

म्हांने चाकर राखो जी,
गिरिधारी लला चाकर राखो जी ॥ टेक ॥
चाकर रहसूं, बाग लगासूं, नित उठ दरसन पासूं।
वृन्दावन की कुंज गलिन में, गोविंद-लीला गासूं ॥१॥
चाकरी में दरसन पाऊं, सुमिरन पाऊं खरची।
भाव-भगति जागीरी पाऊं, तीनो बातां सरसी ॥२॥
मोर मुकट पीताम्बर सोहे, गल वैजंती माला।
वृन्दावन में धेनु चरावे, मोहन मुरलीवाला ॥३॥
ऊंचे ऊंचे महल बनाऊं, बिच बिच राखूं बारी।
सांवरिया के दरसन पाऊं, पहिर कुसुम्बी सारी ॥४॥
जोगी आया जोग करन कूं, तप करने संन्यासी।
हरी-भजन कूं साधू आये, वृन्दावन के वासी ॥५॥
मीरां के प्रभु गहिर गँभीरा, हृदे रहो जी धीरा।
आधी रात प्रभु दरसन दीन्हों, जमुनाजी के तीरा ॥६॥

७५॥ राग कौशिया—तीन ताल

निंदक बाबा बीर हमारा।
बिन ही कौडी वहै बिचारा॥
कोटी कर्म के कल्मष काटै।
काज सँवारे बिन ही साटै॥
आपन डूबै और को तारै।
ऐसा प्रीतम पार उतारै॥
जुग जुग जीवो निंदक मोरा।
रामदेव तुम करो निहोरा॥
निंदक बेरा पर उपकारी।
दादू निंदा करै हमारी॥

७६. राग वागेश्री–तीन ताल

अजहुँ न निकसै प्राण कठोर। ॥ टेक ॥
दरसन विना बहुत दिन बीते,
सुंदर प्रीतम मोर ॥ १ ॥
चारि पहर चारों जुग बीते,
रैनि गँवाई भोर ॥ २ ॥
अवधि गई अजहूँ नहिं आये,
कतहुँ रहे चितचोर ॥ ३ ॥
कबहूँ नैन निरखि नहिं देखे,
मारग चितवत चोर ॥ ४ ॥
दादू ऐसे आतुर विरहिणी,
जैसे चंद चकोर ॥ ५ ॥

७७. राग कौशिया–तीन ताल

प्रभुजी ! तुम चंदन, हम पानी ।
जाकी अंग अंग वास समानी ॥
प्रभुजी, तुम घन वन हम मोरा ।
जैसे चितवत चंद चकोरा ॥
प्रभुजी, तुम दीपक हम वाती ।
जाकी जोति बरै दिन राती ॥
प्रभुजी, तुम मोती हम धागा ।
जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ॥
प्रभुजी, तुम स्वामी हम दासा ।
ऐसी भक्ति करै रैदासा ॥

७८. राग भैरवी–तीन ताल

नरहरि, चंचल है मति मेरी–कैसे भगति करूं मैं तेरी ? ॥
तू मोहिं देखै, हौं तोहिं देखूं–प्रीति परस्पर होई ।
तू मोहिं देखै, तोहिं न देखूं–यह मति सब बुधि खोई ॥
सब घट अंतर रमसि निरंतर, मैं देखन नहिं जाना ।
गुन सब तोर, मोर सब औगुन, कृत उपकार न माना ॥
मैं तैं तोरि मोरि असमझि सों कैसे करि निस्तारा ?
कह रैदास कृष्ण करुनामय जै जै जगत-अधारा ! ॥

७९. राग आसा-पहाडी, गजल धुन

क्यों सोया गफलत का माता, जाग रे नर जाग रे।
या जागे कोई जोगी भोगी, या जागे कोई चोर रे।
या जागे कोई संत पियारा, लगी राम सों डोर रे॥
ऐसी जागन जाग पियारे! जैसी ध्रुव प्रह्लाद रे।
ध्रुव को दीनी अटल पदवी, प्रह्लाद को राज रे॥
मन है मुसाफिर, तनु का सरा विच, तू कीता अनुराग रे।
रैनि बसेरा कर ले डेरा, उठ चलना परभात रे॥
साधु-सँगत सतगुरु की सेवा, पावे अचल सुहाग रे।
नितानंद भज राम, गुमानी! जागत पूरन भाग रे॥

९०. राग विभास–तीन ताल

अकल कला खेलत नर ज्ञानी ।
जैसे हि नाव हिरे फिरे दसो दिश,
ध्रुव तारे पर रहत निशानी ॥ ध्रुव० ॥
चलन वलन अवनी पर वाकी
मन की सुरत अकाश ठहरानी ॥
तत्त्व-समास भयो ह स्वतंतर,
जैसे हिम होत है पानी ॥—अकल० ॥ १ ॥
छुपी आदि अंत नहिं पायो
आइ न सकत जहां मन वानी ॥
ता घर स्थिती भई है जिनकी
कहि न जात ऐसी अकथ कहानी ॥—अकल० ॥ २ ॥
अजब खेल अद्भुत अनुपम है
जाकूं है पहिचान पुरानी ॥
गगनाहि गेब भया नर बोले
एहि अखा जानत कोइ ज्ञानी ॥—अकल० ॥ ३ ॥

८१. राग विभास–तीन ताल

जाग जीव सुमरण करं हरिको, भोर भयो है भाई रे ।
सतगुरु ज्ञाने विचार कहत है, चेतो रामदुहाई रे ॥
ना कोइ तेरो सजन सनेही, ना कोइ बेन न भाई रे ।
जम की मार पडे जब रोवे तब तो कौन सहाई रे ।
मात पिता कुल लोग लुगाई स्वारथ मिले सगाई रे ।
सुमरण बिना संग नहिं कोई, जीव अकेलो जाई रे ॥
अघमोचन भवहरण मुरारी चरण सरण वड आई रे ।
सहजराम भज रामसनेही दुख मेटन सुखदाई रे ॥

८२. राग भैरव–तीन ताल

नंद-भवन को भूलन माई ।
यशोदा को लाल, वीर हलधर को,
राधारमन परम सुखदाई ॥ ध्रु० ॥
शिव को धन, संतन को सर्वस,
महिमा वेद पुरानन गाई ।
इंद्र को इंद्र, देव देवन को,
ब्रह्म को ब्रह्म, अधिक अधिकाई ॥ १ ॥
काल को काल, ईश ईशन को—
अति हि अतुल तोल्यो नहिं जाई ।
नंददास को जीवन गिरिधर,
गोकुल-गाम को कुँवर कन्हाई ॥ २ ॥

८३. राग बहार–ताल विलंबित–तीन ताल

अब हौं कासों वैर करौं ? ।

कहत पुकारत प्रभु निज मुख ते ।

"घट घट हौं विहरौं" ॥

आपु सँभाल सबै उर लेहौं ।

भक्तन अधिक डरौं ॥

श्रीहरिदास कृपा ते हरि की

नित निर्भय विचरौं ॥ १ ॥

८४. राग देस–ताल तेवरा

कोई वन्दो, कोई निन्दो, कोई कैसे कहो रे ।
रघुनाथ साथे प्रीत बाँधी, होय तैसे होय रे ॥ ध्रु० ॥

कमल म्याने मोट बाँधी, नीर था भरपूर रे ।
रामचंद्र ने कूर्म होकर राख लीनी पीठ रे ॥ १ ॥

चंद्र सूर्य जिमि ज्योत, स्तंभ विनु आकाश रे ।
जल ऊपर पाषाण तारे, क्यों न तारे दास रे ? ॥ २ ॥

जपत शिवसनकादि मुनिजन नारदादि संत रे ।
जन्म जन्म के स्वामी रघुपति दास जाने जसवंत रे ॥ ३ ॥

८५. राग भैरवी–तीन ताल

संत परम हितकारी, जगत माँही ॥ ध्रु० ॥
प्रभुपद प्रगट करावत प्रीति, भरम मिटावत भारी ॥ १ ॥
परम कृपालु सकल जीवन पर, हरि सम सब दुखहारी ॥ २ ॥
त्रिगुणातीत फिरत तन त्यागी, रीत जगत से न्यारी ॥ ३ ॥
ब्रह्मानंद संतन की सोबत, मिलत हैं प्रकट मुरारी ॥ ४ ॥

८६. राग कालिंगडा–तीन ताल

प्राणि! तू हरि सों डर रे। तू क्यों रहा निडर रे? ॥
गाफिल मत रह चेत सवेरा, मन में राख फिकर रे।
जो कुछ करे वेग ही कर ले, सिर पर काल जबर रे॥
काले गोरे तन पर भूला, तन जायेगा जर रे।
यम के दूत पकड कर पीसें, काढें बहुत कसर रे॥
हरि भज हरि भज हरि भज प्रानी, हरि को भजन तू कर रे।
व्रजकिशोर प्रभु-पद नौका चढ, भवसागर को तर रे॥

८७. राग भैरवी—तीन ताल

हे जग-त्राता, विश्व-विधाता,
हे सुख-शान्तिनिकेतन हे।
प्रेम के सिंधो, दीन के बंधो,
दुःख दरिद्र-विनाशन हे। ॥ हे
नित्य, अखंड, अनंत, अनादि,
पूरण ब्रह्म, सनातन हे।
जग-आश्रय, जगपति, जगवंदन,
अनुपम, अलख, निरंजन हे।
प्राणसखा, त्रिभुवन-प्रतिपालक,
जीवन के अवलंबन हे। ॥ १

८८. राग मालकंस-झपताल

धर्ममणि मीन, मर्यादमणि रामचंद्र ।
रसिकमणि कृष्ण और तेजमणि नरहरि ॥
कठणमणि कमठ, वल-विपुलमणि वाराह,
छलनमणि वामन, देह विक्रमधारि ॥ १ ॥
गिरिनमणि कनकगिरि, उदधिनमणि क्षीरनिधि,
सरनमणि मानसर, नदिनमणि सुरसरी ॥ २ ॥
खगनमणि गरुड, द्रुमनमणि कल्पतरु ।
कपिनमणि हनुमान, पुरिनमणि अवधपुरी ॥ ३ ॥
सुभटमणि परशुधर, क्रांतमणि चक्रधर,
शक्तिमणि पार्वती, जान शंकरवरी ॥ ४ ॥
भक्तमणि प्रह्लाद, प्रेममणि राधिके,
मणिनकी माल गुहि कंठ कान्हर धरी ॥ ५ ॥

८९. राग विहाग-तीन ताल

विसर न जाजो मेरे मीत, यह वर माँगूँ मैं नीत ॥ ध्रु० ॥
मैं मतिमंद कछू नहिं जानूँ, नहिं कछु तुम संग हीत।
बाँह गहे की लाज है तुम को, तुम सँग मेरी जीत ॥१॥
तुम रीझो ऐसो गुण नाहीं अवगुण की हूँ भीत।
अवगुण जानि विसारोगे जीवन, होऊंगी मैं बहुत फजीत ॥२॥
मेरे दृढ भरोसो जिय में, तजिहौ न मोहन प्रीत।
जन अवगुण प्रभु मानत नाहीं, यह पूरब की रीत ॥३॥
दीनबंधु अति मृदुल सुभाऊ, गाऊँ निसिदिन गीत।
प्रेमसखी समझूँ नहि ऊंडी, एक भरोसो चीत ॥४॥

९०. राग भैरवी–तीन ताल

हो रसिया, मैं तो शरण तिहारी,
नहि साधन बल वचन चातुरी,
एक भरोसो चरणे गिरिधारी ॥ ध्रु० ॥
कडुइ तुँवरिया मैं तो नीच भूमि की
गुण-सागर पिया तुम हि सँवारी ॥ १ ॥
मैं अति दीन बालक तुम शरन
नाथ न दीजे अनाथ बिसारी ! ॥ २ ॥
निज जन जानि सँभालोगे प्रीतम
प्रेमसखी नित जाउँ बलिहारी ॥ ३ ॥

९१. राग सारंग-तीन ताल

दरशन देना प्रान पियारे।
नँदलाला मेरे नैनों के तारे ॥ ध्रु० ॥
दीनानाथ दयाल सकलगुण,
नवकिशोर सुंदर मुखवारे ॥ १ ॥
मनमोहन मन रुकत न रोक्यो,
दरसन की चित चाह हमारे ॥ २ ॥
रसिक खुशाल मिलन की आशा
निशिदिन सुमरन ध्यान लगा रे ॥ ३ ॥

९२. राग विहाग-तीन ताल

चेतन! अब मोहिं दर्शन दीजे।
तुम दर्शन शिव सुख पामीजे,
तुम दर्शन भव छीजे ॥ ,, ,,

तुम कारन तप संयम किरिया, कहो कहां लौं कीजे ?
तुम दर्शन विनु सब या जूठी, अंतर चित्त न भीजे ॥ चेतन०

क्रिया मूढमति कहे जन कोई, ज्ञान और को प्यारो,
मिलत भाव रस दोउ न चाखे, तू दोनों ते न्यारो ॥ चेतन०

सब में है और सब में नाहीं, पूरन रूप अकेलो,
आप स्वभावे ये किम रमतो ? तू गुरु अरु तू चेलो ॥ चेतन०

अकल अलख प्रभु! तू सब रूपी, तू अपनी गति जाने,
अगम रूप आगम अनुसारे, सेवक सुजस बखाने ॥ चेतन०

९३. राग धनाश्री-तीन ताल

अब हम अमर भये, न मरेंगे।
या कारन मिथ्यात दियो तज, क्योंकर देह धरेंगे ?
॥ अब० ॥ १ ॥

राग दोष जग बंध करत है, इनको नाश करेंगे।
मर्यो अनंत काल ते प्रानी, सो हम काल हरेंगे।
॥ अब० ॥ २ ॥

देह विनाशी, हूँ अविनाशी, अपनी गति पकरेंगे।
नासी नासी हम थिरवासी, चोखे है निखरेंगे।
॥ अब० ॥ ३ ॥

मर्यो अनंत वार विन समज्यो, अब सुखदुःख विसरेंगे।
आनन्दघन निपट निकट अक्षर दो, नहीं सुमरे सो मरेंगे।
॥ अब० ॥ ४ ॥

९४. राग केदार-तीन ताल

राम कहो रहमान कहो कोउ, कान कहो महादेव री
पारसनाथ कहो कोउ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेव री
॥ राम० ॥ १ ॥

भाजनभेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री
तैसे खंड कल्पनारोपित, आप अखंड सरूप री
॥ राम० ॥ २ ॥

निजपद रमे राम सो कहिये, रहिम करे रहिमान री
कर्षे करम कान सो कहिये, महादेव निर्वाण री
॥ राम० ॥ ३ ॥

परसे रूप पारस सो कहिये, ब्रह्म चिन्हे सो ब्रह्म री
इह विधि साधो आप आनन्दघन, चेतनमय निकर्म री
॥ राम० ॥ ४ ॥

९५. राग छाया कालिंगडा–तीन ताल

बंधन काट मुरारी, हमरे बंधन काट मुरारी ॥ध्रु०॥
ग्राह गजराज लडै जल भीतर, ले गयो अंबु मँझारी ।
गज की टेर सुनी यदुनंदन, तजी गरुड–असवारी ॥ १ ॥
पांचाली प्रभु कारण मोरे, पग धायो गिरिधारी ।
पट शठ खैंचत निकसत नाहीं, सकल सभा पचिहारी ॥२॥
चरणस्पर्श परमपद पायो, गौतम ऋषि की नारी ।
गणिका शबरी इन गति पाई, बैठ विमान सिधारी ॥ ३ ॥
सुन सुन सुयश सदा भक्तन को, सुख सों भजो इक वारी ।
विधिचंद दरशन को प्यासो, लीजिये सुरत हमारी ॥४॥

९६. राग तिलंग—तीन ताल

मैं तो विरद भरोसे बहुनामी ।
सेवा सुमिरन कछुवे न जानूं, सुनियो परम गुरु स्वामी ॥ध्रु०॥
गज अरु गीध तारि है गणिका, कुटिल अजामिल कामी ॥१॥
यही साख श्रवणे सुनि आयो, चरण-शरण सुखधामी ॥२॥
प्रेमानंद तारो के मारो, समरथ अंतरयामी ॥ ३ ॥

९७. गजल

अगर है शौक मिलने का, तो हादम लौ लगाता जा।
चला कर खुदनुमाई को, भसम तन पर लगाता जा॥
पकडकर इश्क की झाड़ू, सफा कर हिज्र ए दिल को।
दुई की धूल को लेकर, मुसल्ले पर उडाता जा॥
मुसल्ला छोड, तसबी तोड, किताबें डाल पानी में।
पकड दस्त तू फिरश्तों का, गुलाम उनका कहाता जा॥
न मर भूखा, न रख रोजा, न जा मस्जिद, न कर सिज्दा।
वजू का तोड दे कूजा, शराबे शाक पीता जा॥
हमेशा खा हमेशा पी, न गफलत से रहो इकदम।
नशे में सैर कर अपनी, खुदी को तू जलाता जा॥
न हो मुल्लां, न हो वम्मन्, दुई की छोड कर पूजा।
हुक्म है शाह कलंदर का, अनलहक तू कहाता जा॥
कहे मंसूर मस्ताना, हक मैंने दिल में पहचाना।
वही मस्तों का मयखाना, उसीके बीच आता जा॥

९८. गजल

है बहारे बाग दुनिया चंदरोज !
देख लो इसका तमाशा चंदरोज ॥
ऐ मुसाफिर ! कूच का सामान कर।
इस जहां में है बसेरा चंदरोज ॥
पूछा लुकमां से, जिया तू कितने रोज ?
दस्ते हसरत मल के बोला 'चंदरोज' ॥
बाद मदफन् कब्र में बोली कजा।
अब यहां पे सोते रहना चंदरोज ॥
फिर तुम कहां औ मैं कहां ऐ दोस्तो !
साथ है मेरा तुम्हारा चंदरोज ॥
क्यों सताते हो दिले बेजुर्म को।
जालिमो, है ये जमाना चंदरोज ॥
याद कर तू ऐ नजीर कबरों के रोज।
जिन्दगी का है भरोसा चंदरोज ॥

९९. राग गजल, सिंध काफी

बस, अब मेरे दिल में बसा एक तू है ॥
मेरे दिल का अब दिलरुबा एक तू है ॥
फकत तेरे कदमों से अय मेरे खालिक ॥
लगा अब मेरा ध्यान शामो सुबू है ॥
मेरा दिल तो तुझ से हि पाता है तसकी ॥
बसी मग्ज में प्रेम के तेरी बू है ॥
समझते हैं यू मुझ को अकसर दिवाना ॥
तेरा जिक्र विरदे जवां कूबकू है ॥
नहीं मुझको दुनियावि खुशबु से उल्फत ॥
तेरा प्रेम ही अब मेरा मुश्को बू है ॥
रँगूं प्रेम से तेरे दिल का ये चोला ।
जिसे ज्ञान से अब किया कुछ रफू है ॥
न पाला पडे नफसे शतां से मुझ को ॥
तेरे दास कीं अब यही आरजू है ॥

१००. राग गजल, भैरवी

अजब तेरा कानून देखा खुदाया।
जहां दिल दिया फिर वहीं तुझको पाया॥
न यां देखा जाता है मंदिर औ' मसजिद।
फक़त यह कि तालिब सिदक दिल से आया॥
जो तुझपै फिदा दिल हुआ एक बारी।
उसे प्रेम का तूने जलवा दिखाया॥
तेरी पाक सीरत का आशिक हुआ जो।
वही रँग रँगा फिर जो तूने रँगाया॥
है गुमराह, जिस दिल में बाकी खुदी है।
मिला तुझसे जिसने खुदी को गँवाया॥
हुआ तेरे विश्वासी को तेरा दरसन।
गदा को दुरे बेबहा हाथ आया।

१०१. राग अडाणा–ताल झुमरा

नैया मेरी तनक सी, बोझी पाथर भार।
चहुँ दिसि अति भौंरें उठत, केवट है मतवार॥
केवट है मतवार, नाव मँझधारहिं आनी।
आँधी उठी प्रचंड, तेहुँ पर बरसत पानी॥
कह गिरिधर कविराय, नाथ हो तुमहिं खेवैया।
उठे दया को डाँड, घाट पर आवै नैया॥

१०२. राग आसावरी-तीन ताल

कर ले सिंगार, चतुर अलबेली,
  साजन के घर जाना होगा ॥ ध्रु० ॥
मिट्टी ओढावन, मिट्टी बिछावन,
  मिट्टी से मिल जाना होगा ॥ १ ॥
नहा ले, धो ले, सीस गुँथा ले,
  फिर वहां से नहि आना होगा ॥ कर० ॥ २ ॥

गुजराती भजन

१०३. राग खमाज-धुमाळी

वैष्णव जन तो तेने कहीए जे पीड पराई जाणे रे;
परदुःखे उपकार करे तोये, मन अभिमान न आणे रे ॥ध्रु०॥
सकळ लोकमां सहुने वंदे, निंदा न करे केनी रे;
वाच काछ मन निश्चळ राखे, धन धन जननी तेनी रे ॥१॥
समदृष्टि ने तृष्णा त्यागी, पर स्त्री जेने मात रे,
जिव्हा थकी असत्य न बोले, परधन नव झाले हाथ रे॥२॥
मोह माया व्यापे नहि जेने, दृढ वैराग्य जेना मनमां रे,
रामनामशुं ताळी लागी, सकळ तीरथ तेना तनमां रे॥ ३ ॥
वणलोभी ने कपटरहित छे, काम क्रोध निवार्या रे;
भणे नरसैंयो तेनुं दरसन करतां, कुळ एकोतेर तार्या रे ॥४॥

१०४. राग खमाज-धुमाळी

भूतळ भक्ति पदारथ मोटुं, ब्रह्मलोकमां नाहि रे
पुण्य करी अमरापुरी पाम्या, अन्ते चोराशी मांही रे ॥ध्रु०॥
हरिना जन तो मुक्ति न मागे, मागे जनमोजनम अवतार रे
नित सेवा नित कीर्तन ओच्छव, नीरखवा नन्दकुमार रे ॥१॥
भरतखंड भूतळमां जनमी, जेणे गोविन्दना गुण गाया रे
धन धन रे एनां मातपिताने, सफळ करी एणे काया रे ॥२॥
धन वृन्दावन धन ए लीला, धन ए व्रजनां वासी रे
अष्ट महासिद्धि आंगणिये रे ऊभी, मुक्ति छे एमनी दासी रे॥३॥
ए रसनो स्वाद शंकर जाणे, के जाणे शुकजोगी रे
कंई एक जाणे व्रजनी रे गोपी, भणे नरसैंयो भोगी रे॥४॥

१०५. राग खमाज-धुमाळी

नारायणनुं नाम ज लेतां, वारे तेने तजीए रे
मनसा वाचा कर्मणा करीने, लक्ष्मीवरने भजीए रे ॥ ध्रु० ॥
कुळने तजीए, कुटुंबने तजीए, तजीए मा ने बाप रे
भगिनी सुत दाराने तजीए, जेम तजे कंचुकी साप रे ॥१॥
प्रथम पिता प्रह्लादे तजियो, नव तजियुं हरिनुं नाम रे
भरत शत्रुघ्ने तजी जनेता, नव तजिया श्रीराम रे ॥ २ ॥
ऋषिपत्नीए श्रीहरि काजे, तजिया निज भरथार रे
तेमां तेनुं कंइये न गयुं, पामी पदारथ चार रे ॥ ३ ॥
व्रजवनिता विठ्ठलने काजे, सर्व तजीने चाली रे
भणे नरसैंयो वृन्दावनमां, मोहन साथे महाली रे ॥ ४ ॥

वारे : रोके दारा : पत्नी कंचुकी : कांचळी
चार पदारथ : धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष

१०६. राग आसा मांड–ताल झपताल

समरने श्रीहरि मेल ममता परी
जोने विचारीने मूळ तारुं,
तुं अल्या कोण ने कोने वळगी रह्यो
वगर समज्ये कहे मारुं मारुं. १

देह तारी नथी, जो तुं जुगते करी
राखतां नव रहे निश्चे जाये,
देहसंबंध तज्ये अवनवा बहु थशे
पुत्र कलत्र परिवार वहाये. २

धन तणुं ध्यान तुं अहोनिश आदरे
ए ज तारे अंतराय मोटी,
पासे छे पियु अल्या, तेने नव परखियो
हाथथी बाजी गई थयो रे खोटी. ३

भरनिद्रा भर्यो रूंधी घेर्यो घणो
संतना शब्द सुणी कां न जागे?
न जागतां नरसैंया लाज छे अति घणी
जनमोजनम तारी खांत भागे. ४

परी : आघी; वहाये : छेतरे; अंतराय : अडचण;
पियु : प्रभु; रूंधी : गूंगळावी; खांत : तृष्णा

१०७. राग आसा मांड–झपताल

अखिल ब्रह्माण्डमां एक तुं श्रीहरि
	जूजवे रूपे अनंत भासे,
देहमां देव तुं, तेजमां तत्त्व तुं
	शून्यमां शब्द थई वेद वासे. १
पवन तुं, पाणी तुं, भूमि तुं भूधरा
	वृक्ष थई फूली रह्यो आकाशे,
विविध रचना करी अनेक रस लेवाने
	शिव थकी जीव थयो ए ज आशे. २
वेद तो एम वदे श्रुतिस्मृति साख दे
	कनक कुण्डल विषे भेद न्होये
घाट घड्या पछी नामरूप जूजवां
	अंते तो हेमनुं हेम होये. ३
वृक्षमां बीज तुं, बीजमां वृक्ष तुं
	जोउं पटंतरो ए ज पासे,
भणे नरसैंयो ए मन तणी शोधना
	प्रीत करुं प्रेमथी प्रगट थाशे. ४

वासे : वासो करे; पटंतरो : पडदो, आंतरो;
पासे : प्रकारे; शोधना : शुद्धि

१०८. राग आसा मांड–झपताल

ज्यां लगी आतमा-तत्त्व चीन्यो नहि
त्यां लगी साधना सर्व जूठी,
मानुषादेह तारो एम एळे गयो
मावठानी जेम वृष्टि वूठी. १
शुं थयुं स्नान पूजा ने सेवा थकी
शुं थयुं घेर रही दान दीधे ?
शुं थयुं धरी जटा भस्म लेपन कर्ये
शुं थयुं वाळ लोचंन कीधे ? २

शुं थयुं तप ने तीरथ कीधा थकी
शुं थयुं माळ ग्रही नाम लीधे ?
शुं थयुं तिलक ने तुलसी धार्या थकी
शुं थयुं गंगजल पान कीधे ? ३

शुं थयुं वेद व्याकरण वाणी वद्ये
शुं थयुं राग ने रंग जाण्ये ?
शुं थयुं खट दरशन सेव्या थकी
शुं थयुं वरणना भेद आण्ये ? ४

ए छे परपंच सहु पेट भरवा तणा
आतमाराम परिब्रह्म न जोयो,
भणे नरसैंयो के तत्त्वदर्शन विना
रत्नचिंतामणि जन्म खोयो. ५

चीन्यो : ओळख्यो; वूठी : एळे गई; लोचंन कीधे : उखेड्ये

१०९. राग आसा मांड-झपताल

जे गमे जगतगुरु देव जगदीशने
ते तणो खरखरो फोक करवो,
आपणो चिंतव्यो अर्थ कांइ नव सरे
उगरे एक उद्वेग धरवो. १

हुं करुं, हुं करुं, ए ज अज्ञानता
शकटनो भार जेम श्वान ताणे,
सृष्टि मंडाण छे सर्व एणी पेरे
जोगी जोगेश्वरा कोइक जाणे. २

नीपजे नरथी तो कोई ना रहे दुखी
शत्रु मारीने सौ मित्र राखे,
राय ने रंक कोई दृष्टे आवे नहि
भवन पर भवन पर छत्र दाखे. ३

ऋतु लता पत्र फळ फूल आपे यथा
मानवी मूर्ख मन व्यर्थ शोचे,
जेहना भाग्यमां जे समे जे लख्युं
तेहने ते समे ते ज पहोंचे. ४

ग्रन्थ गडबड करी वात न करी खरी
जेहने जे गमे तेने पूजे,
मन कर्मे वचनथी आप मानी लहे
सत्य छे ए ज मन एम सूझे. ५

सुख संसारी मिथ्या करी मानजो
कृष्ण विना बीजुं सर्व काचुं,
जुगल कर जोडी करी नरसैंयो एम कहे
जन्म प्रतिजन्म हरिने ज जाचुं. ६

चिंतव्यो : धारेलो; शकटनो : गाडानो;
नीपजे नरथी तो : माणसनुं चाले तो
दृष्टे आवे नहि : नजरे न पडे;
छत्र दाखे : धनसूचक धजाओ मूके; शोचे : शोक करे;
लहे : समजे; जुगलकर : बे हाथ; जाचुं : मागुं

११०. राग आसा मांड-झपताल

जागीने जोउं तो जगत दीसे नहि
ऊंघनां अटपटा भोग भासे,
चित्त चैतन्य विलास तद्रूप छे
ब्रह्म लटकां करे ब्रह्म पासे. १
पंच महाभूत परिब्रह्म विषे ऊपज्यां
अणु अणु मांही रह्यां रे वळगी,
फूल ने फळ ते तो वृक्षनां जाणवां
थड थकी डाळ ते नहि रे अळगी. २
वेद तो एम वदे, श्रुति स्मृति साख दे
कनक कुण्डल विषे भेद न्होये,
घाट घड्या पछी नाम रूप जूजवां
अंते तो हेमनुं हेम होये. ३
जीव ने शिव तो आप इच्छाए थया
रची परपंच चौद लोक कीधा,
भणे नरसैंयो ए, 'ते ज तुं' 'ते ज तुं'
एने समर्याथी कंई संत सीध्या. ४

अटपटा : भातभातना; जूजवां : जुदां; सीध्या : सिद्धि पाम्या.

१११. राग आसा मांड–झपताल

ध्यान धर हरि तणुं अल्पमति आळसु
जे थकी जन्मनां दुःख जाये,
अवर धंधो कर्ये अरथ कांइ नव सरे
माया देखाडीने मृत्यु वहाये. १
सकळ कल्याण श्रीकृष्णना चरणमां
शरण आवे सुख पार न्होये,
अवर वेपार तुं मेल मिथ्या करी
कृष्णनुं नाम तुं राख मोंये. २
पटक माया परी, अटक चरणे हरि
वटक मा वात सुणतां ज साची,
आशनुं भवन आकाश सुधी रच्युं
मूढ ! ए मूळथी भींत काची. ३
सरस गुण हरि तणा जे जनो अनुसर्या
ते तणा सुजश तो जगत बोले,
नरसैंया रंकने प्रीत प्रभुशुं पणी
अवर वेपार नहि भजन तोले. ४

वहायेःछेतरे; परीःआघी; वटक माःरीसा नहि; अवर : बीजो

११२. राग आसा मांड–तीन ताल

जूनुं थयुं रे देवळ जूनुं थयुं
मारो हंसलो नानो ने देवळ जूनुं थयुं ॥ ध्रु० ॥

आ रे काया रे हंसा, डोलवाने लागी रे
पडी गया दांत, मांयली रेखुं तो रह्युं ॥ मारो०

तारे ने मारे हंसा, प्रीत्युं बंधाणी रे
उडी गयो हंस, पांजर पडी रे रह्युं ॥ मारो०

बाई मीरां कहे छे प्रभु, गिरिधरना गुण
प्रेमनो प्यालो तमने पाऊं ने पीऊं ॥ मारो०

११३. राग कालिंगडा–दीपचंदी

नहि रे विसारुं हरि, अंतरमांथी नहि रे० ॥ध्रु० ॥

जल जमुनानां पाणी रे जातां

शिर पर मटकी धरी ॥ १ ॥

आवतां ने जातां मारग वच्चे

अमुलख वस्तु जडी ॥ २ ॥

आवतां ने जातां वृन्दा रे वनमां

चरण तमारे पडी ॥ ३ ॥

पीळां पीताम्बर जरकशी जामा

केसर आड करी ॥ ४ ॥

मोर मुगट ने कांने रे कुंडल

मुख पर मोरली धरी ॥ ५ ॥

बाई मीरां कहे प्रभु गिरिधरना गुण

विट्ठलवरने वरी ॥ ६ ॥

जरकशी : फाबवी

११४. राग झिंजोटी-तीन ताल

बोल मा बोल मा बोल मा रे
राधाकृष्ण विना बीजुं बोल मा ॥ ध्रुव० ॥

साकर शेलडीनो स्वाद तजीने
कडवो लीमडो घोळ मा रे ॥ १ ॥

चांदा सूरजनुं तेज तजीने
आगिया संगाते प्रीत जोड मा रे ॥ २ ॥

हीरा माणेक झवेर तजीने
कथीर संगाते मणि तोळ मा रे ॥ ३ ॥

मीरां कहे प्रभु गिरिधर नागर,
शरीर आप्युं समतोल मा रे ॥ ४ ॥

समतोल मा :- भारोभार, साटोसाट

११५. राग काफी–द्रुत दीपचंदी

मुखडानी माया लागी रे,

मोहन प्यारा ॥ ध्रुव० ॥

मुखडुं में जोयुं तारुं, सर्व जग थयुं खारुं

मन मारुं रह्युं न्यारुं रे । मोहन०

संसारीनुं सुख एवुं, झांझवाना नीर जेवुं

तेने तुच्छ करी फरीए रे । मोहन०

मीरांबाई बलिहारी, आशा मने एक तारी

हवे हुं तो बडभागी रे । मोहन०

बडभागी : महाभाग्यवान

११६. राग असावरी—तीन ताल

वैष्णव नथी थयो तुं रे, शीद गुमानमां घूमे
हरिजन नथी थयो तुं रे ॥ टेक० ॥

हरिजन जोई हैडुं नव हरखे, द्रवे न हरिगुण गातां
काम धाम चटकी नथी पटकी, क्रोधे लोचन रातां ॥ १ ॥

तुज संगे कोई वैष्णव थाए, तो तुं वैष्णव साचो
तारा संगनो रंग न लागे, तांहां लगी तुं काचो ॥ २ ॥

परदुःख देखी हृदे न दाझे, परनिंदा नथी डरतो
वहाल नथी विठ्ठलशुं साचुं, हठे न हुं हुं करतो ॥ ३ ॥

परोपकारे प्रीत न तुजने, स्वारथ छूट्यो छे नहि
कहेणी तेवी रहेणी न मळे, कांहां लख्युं एम कहेनी ॥४॥

भजवानी रुचि नथी मन निश्चे, नथी हरिनो विश्वास
जगत तणी आशा छे जांहां लगी, जगत गुरु तुं दास ॥५॥

मन तणो गुरु मन करेश तो, साची वस्तु जडशे
दया दुःख के सुख मान पण, साचुं कहेवुं पडशे ॥ ६ ॥

चटकी : रंग, चसको; पटकी : फेंकी दीधी; करेश : करीश

११७. राग हिंडोल-ताल तेवरा

हरि जेवो तेवो हुं दास तमारो
करुणासिंधु ग्रहो कर मारो ॥ टेक ॥
सांकडाना साथी शामळिया, छो वगड्याना बेली
शरण पड्यो खल अमित कुकरमी, तदपि न मूको ठेली ॥१॥
निज जन जूठानी जाती लज्जा, राखो छो श्रीरणछोड
शून्यभाग्यने सफळ करो छो, पूरो वरद वळ कोड ॥ २ ॥
अवळनुं सवळ करो सुंदरवर, ज्यारे जन जाय हारी
अयोग्य योग्य, पतित करो पावन, प्रभु दुःखदुकृतहारी ॥३॥
विनति विना रक्षक निज जनना, दोष तणा गुण मानो
स्मरण करतां संकट टाळो, गणो न मोटो नानो ॥ ४ ॥
विकळ पराधीन पीडा प्रजाळो, अंतरनुं दुःख जाणो
आरतबंधु सहिष्णु अभयकर, अवगुण उर नव आणो ॥ ५ ॥
सर्वेश्वर सर्वोत्मा स्वतंत्र, दया प्रीतम गिरिधारी
शरणागतवत्सल श्रीजी मारे, मोटी छे ओथ तमारी ॥ ६ ॥

सांकडाना : भीडना; खल : लफंगो; अमित : बेहद;
शून्यभाग्य : फूट्या करमनो; वरद : वर आपनार;
आरतबंधु : दुखियाना बेली; अभयकर : भयरहित करनार.

११८. राग विलावल–ताल झपताल

महा कष्ट पाम्या विना कृष्ण कोने मळ्या ?
चारे जुगना जुओ साधु शोधी
वहाल वैष्णव विषे विरलाने होय वहु
पीडनारा ज भक्तिविरोधी ॥ ध्रु० ॥

ध्रुवजी, प्रह्लादजी, भीष्म, वळि, विभीषण,
विदुर, कुन्ती कुंवर सहित दुखियां
वसुदेव देवकी, नंदजी, पशुपति
सकळ व्रजभक्त दुःखी भक्तसुखिया ॥ १ ॥

नळ दमयंती, हरिश्चंद्र तारामती,
रुक्मांगद अंवरीषादि कष्टी
नरसिंह महेतो ने जयदेव, मीरां, जनी
प्रथम पीडा पछी सुखनी वृष्टि ॥ २ ॥

व्यास आधि व्याधि तुलसी माधवादिक
शिव कपाली विद्या विश्व निन्दे,
जगजननी जानकी दुःख दुस्तर सह्युं
पाप वण ताप, जेने जगत वंदे ॥ ३ ॥

संचित क्रियमाण प्रारब्ध जेने नथी
तेने भय ताप आवी नडे छे,
अकल गत ईश हेतु न समज्युं पडे
प्रबल इच्छा सरव ते पडे छे ॥ ४ ॥

छे कथन मात्र ए पाप ने पुण्य बे
नचव्युं नंदकुंवरनुं जगत नाचे,
दया प्रीतम रुचि विना पत्र हाले नहि
पण न भागे भ्रमण मन काचे ॥ ५ ॥

भक्त-मुखिया : भक्तोमां मुख्य;
कपाली विद्या : अघोरी विद्या

११९. राग धीरानी काफी

भटकतां भवमां रे, गया काळ कोटी वही
हद थई हावां रे, राखो हरि हाथ ग्रही   टेक.

आव्यो शरण त्रितापनो दाझ्यो, शीतळ कीजे श्याम
करगरी कहुं छुं, कृष्ण कृपानिधि ! राखो चरणे सुखधाम
करुणा कटाक्षे रे, किल्मिषकोप दही   १

जो मारा कृत सामुं तमे जोशो, तो ठरशे बराबरी
रत्न गुंजा क्यम होय समतोल, हुं तो रंक ने तमो हरि
माटे मन मोटुं रे, करो मुने रंक लही   २

आशाभर्यो आव्यो अविनाशी, समर्थ लही तम पास
धर्मधोरिंधर तम द्वारेथी, हुं क्यम जाउं निराश ?
निजनो करी लो रे, ना तो मुने कहेशो नहि   ३

अरज सांभळो अनाथ जननी, श्रवणे श्रीरणछोड
एकवार सन्मुख जुओ शामळा, पहोंचे मारा मनना कोड
हसीने बोलावो रे, 'दयो तुं मारो' कही   ४

दाझ्यो : दाझेलो; दही : बाळीने; बराबरी : सरखापणुं;
गुंजा : चणोठी; लही : समजीने; धोरिंधर : आगेवान

१२०. राग छाया खमाज–तीन ताल

हरिनो मारग छे शूरानो, नहि कायरनुं काम जोने
परथम पहेलुं मस्तक मूकी, वळती लेवुं नाम जोने ॥ ध्रु० ॥
सुत वित दारा शीश समरपे, ते पामे रस पीवा जोने
सिंधु मध्ये मोती लेवा मांही पड्या मरजीवा जोने ॥ १ ॥
मरण आंगमे ते भरे मूठी, दिलनी दुग्धा वामे जोने
तीरे ऊभा जुए तमाशो, ते कोडी नव पामे जोने ॥ २ ॥
प्रेमपंथ पावकनी ज्वाळा, भाळी पाछा भागे जोने
मांही पड्या ते महासुख माणे, देखनारा दाझे जोने ॥ ३ ॥
माथा साटे मोंघी वस्तु, सांपडवी नहि सहेल जोने
महापद पाम्या ते मरजीवा, मूकी मननो मेल जोने ॥ ४ ॥
राम-अमलमां राता माता पूरा प्रेमी परखे जोने
प्रीतमना स्वामीनी लीला, ते रजनीदन नरखे जोने ॥ ५ ॥

मरजीवा : मोती काढनारा; आंगमे : नी उपर धसे;
दुग्धा : वसवसो, संशय; पावक : अग्नि; अमलमां : धूनमां;
परखे : जाणे; रजनीदन : रात दिवस; नरखे : जुए

१२१. राग सारंग–दीपचंदी ताल

जननी जीवो रे गोपीचंदनी, पुत्रने प्रेर्यो वैराग जी
उपदेश आप्यो एणी पेरे, लाग्यो संसारीडो आग जी ॥ध्रु०॥
धन्य धन्य माता ध्रुव तणी, कह्यां कठण वचन जी
राजसाज सुख परहरी, वेगे चालीआ वन जी ॥ १ ॥
ऊठी न शके रे ऊंटिओ, बहु बोलाव्यो वाजंद जी
तेने रे देखी त्रास उपन्यो, लीधी फकीरी छोड्यो फंदजी ॥२॥
भलो रे त्याग भरथरी तणो, तजी सोळसें नार जी
मंदिर झरुखा मेली करी, आसन कीधलां बहार जी ॥ ३ ॥
ए वैराग्यवंतने जाऊं वारणे, बीजा गया रे अनेक जी
भला रे भूंडा अवनी उपरे, गणतां नावे छेक जी ॥ ४ ॥
क्यां गयुं कुळ रावण तणुं, सगरसुत साठ हजार जी
न रह्युं ते नाणुं राजा नंदनुं, सर्व सुपंन-वेवार जी ॥ ५ ॥
छत्रपति चाली गया, राज मूकी राजंन जी
देव दानव मुनि मानवी, सर्वे जाणो सुपंन जी ॥ ६ ॥
समजी मूको तो सारुं घणुं, जरूर मुकावशे जम जी
निष्कुळानंद कहे नहि मटे, साचुं कहुं खाई सम जी ॥७॥

वाजंद : बल्खबुखारानो एक खान हतो. तेनुं वहालुं ऊंट मरी जतां तेने वैराग उपजेलो.

१२२. राग सारंग–दीपचंदी ताल

त्याग न टके रे वैराग विना, करीए कोटि उपाय जी
अंतर ऊंडी इच्छा रहे, ते केम करीने तजाय जी? ध्रुव०
वेष लीधो वैरागनो, देश रही गयो दूर जी
उपर वेष अच्छो बन्यो, मांही मोह भरपूर जी
काम क्रोध लोभ मोहनुं ज्यां लगी मूळ न जाय जी
संग प्रसंगे पांगरे, जोग भोगनो थाय जी
उष्ण रते अवनी विषे, बीज नव दीसे बहार जी
घन वरसे वन पांगरे, इंद्रिय विषय आकार जी
चमक देखीने लोह चळे, इंद्रिय विषय संजोग जी
अणभेट्ये रे अभाव छे, भेट्ये भोगवशे भोग जी
उपर तजे ने अंतर भजे, एम न सरे अरथ जी
वणश्यो रे वर्णाश्रम थकी, अंते करशे अनरथ जी
भ्रष्ट थयो जोगभोगथी, जेम बगड्युं दूध जी
गयुं घृत मही माखण थकी, आपे थयुं रे अशुद्ध जी ६
पळमां जोगी ने भोगी पळमां, पळमां गृही ने त्यागी जी
निष्कुळानंद ए नरनो, वणसमज्यो वैराग जी ७

पांगरे : कोळे, अंकुर फुटे; वणश्यो : बगड्यो

१२३. राग सारंग—दीपचंदी ताल

जंगल वसाव्युं रे जोगीए, तजी तनडानी आश जी
वात न गमे आ विश्वनी, आठे पहोर उदास जी ध्रुव०
सेज पलंग पर पोढता, मंदिर झरुखा मांय जी
तेने नहि तृण साथरो, रहेता तरुतळ छांय जी १
शाल दुशाला ओढता, झीणा जरकशी जाम जी
तेणे रे राखी कंथागोदडी, सहे शिर शीत घाम जी २
भावतां भोजन जमता, अनेक विधिनां अन्न जी
ते रे मागण लाग्या टुकडा, भिक्षा भवन भवन जी ३
हाजी कहेतां हजारं ऊठता, चालतां लश्कर लाव जी
ते नर चाल्या रे एकला, नहिं पेंजार पाव जी ४
रहो तो राजा रसोई करुं, जमता जाओ जोगीराज जी
खीर नीपजावुं क्षणुं एकमां, ते तो भिक्षाने काज जी ५
आहार कारण उभो रहे, एकनी करी आश जी
ते जोगी नहि, भोगी जाणवो, अंते थाय विनाश जी ६
राजसाज सुख परहरी, जे जन लेशे जोग जी
ते धनदारामां नहि धसे, रोग सम जाणे भोग जी ७
धन्य ते त्याग वैरागने, तजी तनडानी आश जी
कुळ रे तजी निष्कुळ थया, तेनुं कुळ अविनाश जी ८

